न्यायालय कलेक्टर, जिला दतिया (म0प्र0)

प्र0क्र0 0014/अ–19/2019–20 दतिया ,दिनांक 06.12.2019

// आदेश//

कार्यपालन यंत्री हरसी उच्च स्तरीय नहर संभाग कमांक 2 डबरा जिला ग्वालियर ने अपने पत्र कमांक 1254/तक/2019 दिनांक 30.05.2019 द्वारा मॉ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना में वैकल्पिक वृक्षारोपड हेतु 55.765 है0 राजस्व भूमि उपलब्ध कराने की मांग करते हुए अवगत कराया गया कि परियोजना के डूब एवं निर्माण में कुल 1248.821 है0 वन भूमि एवं नहर निर्माण हेतु 20.00 है0 वन भूमि प्रभावित हो रही है, वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु जिलाध्यक्ष महोदय भिण्ड द्वारा 1213.056 है0 राजस्व भूमि उपलब्ध करा दी गयी है। शेष 55.765 है0 राजस्व भूमि उपलब्ध कराकर वन विभाग को हस्तांतरण किये जाने की मांग की गयी।

2– प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी सेंवढ़ा की ओर विधिवत् परीक्षण हेतु भेजा गया।

3– अनुविभागीय अधिकारी सेंवढा ने तहसीलदार,तहसील सेंवढ़ा के प्र0 कमांक 597/बी–121/2019–20 में प्रतिवेदन दिनांक 25.11.2019 के प्रस्ताव के आधार पर प्रतिवेदित किया गया है कि तहसीलदार सेंवढ़ा द्वारा मौजा डोंगरपुर तहसील सेंवढ़ा में स्थित शासकीय सर्वे नम्बर 60, 61, 62, 63, 81, 83, 84, 85, 168, 169, 175, 183 के संबंध में विधिवत् उद्घोषणा जारी की गयी। अन्दर म्याद कोई आपत्ती प्राप्त नहीं हुई। तदनुसार ग्राम डोंगरपुर में स्थित शासकीय सर्वे नम्बर 60, 61, 62, 63, 81, 83, 84, 85, 168, 169, 175, 183 कुल किता 12 कुल रकवा 71.83 है0 में से 57.02 है0 भूमि परियोजना के डूब एवं निर्माण में प्रभावित वन भूमि के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिये वन विभाग को हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित किया गया।

4– अतः अनुविभागीय अधिकारी सेंवढ़ा के प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम/मौजा डोंगरपुर स्थित शासकीय सर्वे नम्बर 60, 61, 62, 63, 81, 83, 84, 85, 168, 169, 175, 183 कुल किता 12 कुल रकवा 71.83 है0 में से 57.02 है0 भूमि परियोजना के डूब एवं निर्माण में प्रभावित वन भूमि के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिये निम्नानुसार भूमि वन विभाग को हस्तांतरण करने का आदेश दिया जाता हैः–

| क्र. | सर्वे नम्बर | रकवा है0 में | भूमि की नोईयत | पूर्व में डूब क्षेत्र में शामिल रकवा | वन विभाग को अंतरण हेतु प्रस्तावित शेष रकवा है0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 60 | 3.52 | शासकीय बेहड़ | – | 3.52 |
| 2 | 61 | 5.94 | ––"–– | – | 5.94 |
| 3 | 62 | 4.06 | ––"–– | – | 4.06 |
| 4 | 63 | 7.12 | शासकीय पहाड़ | – | 7.12 |
| 5 | 81 | 6.77 | शासकीय बेहड़ | – | 6.77 |
| 6 | 83 | 5.60 | ––"–– | 0.83 | 4.77 |
| 7 | 84 | 5.60 | ––"–– | 1.50 | 4.10 |
| 8 | 85 | 7.18 | ––"–– | – | 7.18 |
| 9 | 168 | 6.24 | ––"–– | 1.10 | 5.14 |



Scanned by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 169 | 9.39 | ——"—— | 7.08 | 2.31 |
| 11 | 175 | 4.78 | ——"—— | 2.03 | 2.75 |
| 12 | 183 | 5.63 | ——"—— | 2.27 | 3.36 |
| कुल | 12 | 71.83 | | 14.81 | 57.02 |

तदनुसार सर्व संबंधित सूचित हो। तहसीलदार सेंवढ़ा उपरोक्त आदेश राजस्व अभिलेख में अमल कराते हुए इस न्यायालय को पालन प्रतिवेदन भिजवाना सुनिश्चित् करें।

कलेक्टर
जिला दतिया म0प्र0

-6422-11
07/12/19

पृ0क्र0 0014/अ–19/2019–20 दतिया ,दिनांक 06 . 12.2019

प्रतिलिपि–

1. अपर मुख्य सचिव, म0प्र0 शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल की ओर कृपया सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन के अनुक्रम में वन भूमि के बदले वन विभाग को वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु समतुल्य राजस्व भूमि उपलब्ध कराये जाने के संबंध में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. अपर मुख्य सचिव, म0प्र0 शासन वन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल
3. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल
4. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल
5. आयुक्त ग्वालियर संभाग ग्वालियर
6. वनमण्डला अधिकारी, सामान्य वन मण्डल दतिया
7. कार्यपालन यंत्री हर्सी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्रमांक 2 डबरा जिला ग्वालियर
8. कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग दतिया
9. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग सेंवढ़ा
10. तहसीलदार तहसील सेंवढ़ा
11. अधीक्षक भू–अभिलेख दतिया

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कलेक्टर,
जिला दतिया म0प्र0



Scanned by CamScanner